Title: Urged the Government to start immediately the work of Mandawali-Chandranagar Railway halt in East Delhi constituency,

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्वी दिल्ली की आबादी लगभग 36 लाख है लेकिन वहां के लोगों को काम धंधे में जाने के लिए पर्याप्त बस सुविधा प्राप्त नहीं होती है। वहां बस सुविधा बहुत कम है। मैंने मांग की थी कि मंडावली-चन्द्रनगर में एक रेलवे हाल्ट बनाया जाए। इसका उद्घाटन जून 1999 में किया गया था लेकिन वहां अभी तक काम शुरु नहीं हुआ है। जानकारी दी गई कि 80 लाख रु पए की योजना है। पहले चरण में 16 लाख रुपए में रेलवे हाल्ट बनाने का काम शुरु होना था लेकिन अफसोस की बात है कि एक साल बीत जाने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ है। मैं रेल मंत्री से मांग करता हूं कि वहां बहुत शीघ्र काम शुरु करवाया जाए और जल्दी पूरा करवाया जाए ताकि आने-जाने वाले यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।